हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 मई 2025


तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


11 युवाओं में शिक्षा व खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में होती सहायक: एएसआई





12 तहसीलदार पर गिरा मंत्री का नजला, चार्जशीट करने के आदेश जारी अधिकारियों की जमकर खिंचाई





SHRI KRISHAN SCHOOL, REWARI
SINCE : 1994

# SHRI KRISHAN
SR. SEC. SCHOOL • DELHI ROAD, HANSAKA-REWARI

31 A legacy of success

01274-294311, 9466358723 | skshansaka@gmail.com | shri_krishan_school_rewari | @SKSSCHOOL

## हरियाणा में तीसरा स्थान
Tradition of outstanding result continuous across Haryana ...
35th ALL INDIA RANK (SAINIK SCHOOL)

5th RANK IN HARYANA
8th RANK IN HARYANA
9th RANK IN HARYANA



99% 495/500 KHUSHI (BALIYAR KALAN)
98.6% 493/500 NAVYA (RASGAN)
98.2% 491/500 ANSHU (UTTAM NAGAR)
98% 490/500 VANSHIKA (MUNDIA KHERA)
AMANRAJ S/O ANIL UTTAM NAGAR

## OUR MARVELLOUS RESULT : 10TH CLASS

97.8% LISHA (FADNI) · 97.6% MEGHA (MUNDIA KHERA) · 97.6% KAMNA (JEET PURA) · 97.4% MUSKAN (HANSAKA) · 97% NANCY (FATEHPURI) · 96.8% MUSKAN (NIGANIA WAS) · 96.2% SOHAM (NIGANIA WAS) · 96.2% AARTI (GOLDAN VILLA) · 96% CHHAVI (BALIYAR KHURD) · 96% BHUMIKA (MASANI) · 95.8% GEETANJALI (BALIYAR KALAN) · 95.8% ADITI (HANSAKA) · 95.2% ISHIKA (JEET PURA) · 95% KHUSHBU (RAJA VATIKA)

94.8% KAPIL (HANSAKA) · 94.8% AKSHITA (FATEHPURI) · 94.6% JATIN (MUNDIA KHERA) · 94.2% SNEHA (FATEHPURI) · 94% SHIVANI (BALIYAR KHURD) · 94% GAURAV (UTTAM NAGAR) · 93.6% DEVANSH (HANSAKA) · 93.2% RITIKA (RAM GARH) · 92.4% PALAK (REWARI) · 92% NIDHI (TITARPUR) · 92% DEVINDER (KHIJURI) · 91.8% HARDIK (BHAGWANPUR) · 91% SIYA (BHAGWANPUR) · 90.8% MUSKAN (MANDHIYA)

90.8% MAYANK (NIGANIA WAS) · 90.8% SAHIL (RAM GARH) · 90.6% SOURABH (UTTAM NAGAR) · 90.6% NIKHIL (MUNDIA KHERA) · 90.2% PANKAJ (KHIJURI) · 90% SANCHIT (FADNI) · 90% SAKSHI (KALAKA) · 89.4% KARTIK (KHALILPURI) · 89.2% YASH (JONAWAS) · 89% SAKSHI (UTTAM NAGAR) · 88.6% SAGAR (MANDHIYA) · 88.4% BHARAT (FATEHPURI) · 88.2% POONAM (JEETPURA) · 88% PRACHI (GOLDAN VILLA)

88% DEEPIKA (BUDANA) · 87.8% ASHISH (DUNGARWAS) · 87.6% SHRUTI (MURADPURI) · 87.6% PREET (POLICE LINE) · 86.8% ABHISHEK (KHIJURI) · 86.6% GAURAV (MANDHIYA) · 86.4% RISHAB (NIGANIAWAS) · 85.6% JATIN (MAJRA) · 85.2% VANSH (UTTAM NAGAR) · 85% VANSHIKA (MEERPUR) · 84.8% MOHIT (HANSAKA) · 84.6% HARSH (BALIYAR KALAN) · 84.6% YATIN (RASGAN) · 84.4% SUNIL (UTTAM NAGAR)

84.2% KHUSHI (JONAWAS) · 84.2% ROHIT (KALAKA) · 84.2% RUPESH (MUNDIA KHERA) · 83.4% JITIN (JEET PURA) · 83.4% BHARAT (REWARI) · 83.2% DEV TEKAWARIA (SANGHWARI) · 82.8% SURAJ (BALIYAR KALAN) · 82.6% SAKSHI (ROJKA) · 82.4% HIMANSHU (TITARPUR) · 82.2% KHUSHVANT (MAJRA) · 81.6% PURVANSH (REWARI) · 81.4% SAURABH (BALIYAR KALAN) · 81.2% HIMANSHU (MAJRA) · 80.2% BHARAT BHUSHAN (MEERPUR) · 80% JATIN (MEERPUR)

## OUR MARVELLOUS RESULT : 12TH CLASS

95.8% TANIYA SAINI (JARTHAL) · 94.8% SAKSHI (MASANI) · 92.8% SHUBHAM DEV (MUNDIA KHERA)

92% SARIKA (DUNGARWAS) · 92% DEEPIKA (MEERPUR) · 92% SANYAM (MASANI) · 91.8% USHA (MEERPUR) · 91% JYOTI (JEETPURA) · 90.4% DIVYA (REWARI) · 90.2% PAWAN (BAMBAR) · 90% SHEETAL (UTTAM NAGAR) · 89.8% RITU (JONAWAS) · 89.8% SNEHA (DUNGARWAS)

89.4% MOHIT (JONAWAS) · 89.4% MANSI (MUNDIA KHERA) · 89.2% PARUL (HANSAKA) · 89.2% ISHU (KANHAWAS) · 89% SUMIT (RASGAN) · 89% KASHISH (RAMGARH) · 88.8% DIPEKSH (NIKHRI) · 88.6% VANSHIKA (RAMGARH) · 87.8% IKBAL (REWARI) · 87.6% HARSH (REWARI) · 87.6% JATIN (RAMGARH) · 87.4% RASHIKA (MURADPURI) · 87.2% VANSH JONAWAS · 87.2% PARVESH (KHALILPURI) · 87% AKHIL (MANDHIYA)

86.4% MOHIT (BALIYAR KHURD) · 86.4% MANISH (JONAWAS) · 86.4% SHUBHAM (HANSAKA) · 86.2% PIYUSH (REWARI) · 85.2% NAVRATTAN (HANSAKA) · 85.2% HARSH (KANHAWAS) · 85.2% BHAWNA (MOHLAWAS) · 85% NITIN (KALAKA) · 85% TARUN (JONAWAS) · 84.8% VISHAL (MUNDIA KHERA) · 84.8% NEHA (FADNI) · 84.6% AKSHAY (RAMGARH) · 84.4% ROHIT (REWARI) · 84% LAKSHAY (BHAGWANPUR) · 83.8% PUSHPA (JONAWAS)

83.4% KARAN (BUDANA) · 83.2% SEJAL (GOKALPUR) · 83.2% KASHISH (FATEHPURI) · 82.8% SOURABH (REWARI) · 82.6% PRINCE (MUNDIA KHERA) · 82.4% PRIYA (HANSAKA) · 81.2% DEEPANSHU (DUNGARWAS) · 81.2% DIVYANSHI (NIKHRI) · 81% RIYA (SURAJPURA) · 80.8% RAMAN (SANGWARI) · 80.4% VISHAL (GUPTA METALS) · 80.2% SNEHA (REWARI) · 80% ARVIND (PURAN NAGAR) · 80% DIVESH (DUNGARWAS) · 80% RACHNA (BALIAR KALAN)

INTEGRATED CLASSES :
IIT-JEE | NEET | CA
CUET | OLYMPIADS
SAINIK & MILITARY SCHOOL
NAVODAYA | RAI SPORTS

SAINIK SCHOOL RESULT 2025
VANSH S/o Naresh kumar Raja Vatika · KARAN S/o Sanjeev kumar Hansaka · MANSHI D/o Abhishek Phideri · KUNAL S/o Gajanand Hansaka · TANVI D/o Rajesh Baliyar kalan · RAKSHIT S/o Pawan Kumar Uttam Nagar

ADMISSION OPEN
PLAY GROUP TO 12TH CLASS
SCIENCE | COMMERCE | ARTS

महंत श्री कृष्णनाथ जी महाराज · FOUNDER & DIRECTOR SURESH KUMAR · ANSH RAO

## खबर संक्षेप

### युवती से जबरन संबंध बनाने वाला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक युवती से शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर गत 6 अप्रैल को महेंद्रगढ़ के कांटी निवासी हेमंत के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उस पर शादी का झांसा देकर जबरन संबंध बनाने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सेक्टर संवेदना हॉस्पिटल के सामने सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को रमेश कुमार पंजाबी के निवास स्थान सेक्टर संवेदना हॉस्पिटल के सामने सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। मंडल के सदस्य तरुण सोनी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### अटेली क्षेत्र के खोड़ में भंडारा आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के खोड़ में निरंजन नाथ भभूता सिद्ध श्री जोतराम का भंडारा 27 मई को आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भंडारे में दूर दराज से आगे सरकार बाबा का प्रसाद ग्रहण करेंगे। वहीं सतगुरु भानाराम कुरावटा धाम में ज्योति प्रज्वलित करेंगे।

### समाधान शिविर में आई शिकायतें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशानिर्देशानुसार सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आमजन की शिकायतें सुनीं। समाधान शिविर में कुल 61 शिकायतें आई। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद इन समाधान शिविरों की समय समय पर समीक्षा कर रहे हैं। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी हरदीप सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### भाजपा सांसद का बयान निंदनीयः एसयूसीआई

**नारनौल।** पहलगाम हमले को लेकर भाजपा सांसद रामचन्द्र की ओर से दिए गए बयान कि पहलगाम में सुहाग खो देने वाली महिलाओं में वीरांगनाओं जैसा जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग मरे हैं। उनके इस अमर्यादित बयान की एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने सख्त भर्त्सना की है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि उनका यह बयान महादुख के महासागर में डूबे परिवारजन के लिए दुख व पीड़ा को और भी बढ़ाने वाला है। केवल पीड़ित परिवारजन व महिलाओं का ही अपमान नहीं है, बल्कि समस्त महिला जमात का भी अपमान है। यह बयान संवेदनहीन भाजपा सांसद की कुत्सित सोच एवं निकृष्ट आचरण का ही द्योतक है।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए अदालत आज

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष बिजली अदालत का आयोजन मंगलवार को सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड में किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि बिजली अदालत सुबह 110 बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित की जाएगी। हुड्डा ने बताया कि इस अदालत में उपभोक्ता बिजली कनेक्शन से संबंधित शिकायतों व बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बिजली अदालत का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को त्वरित व पारदर्शी समाधान प्रदान करना है। अधीक्षक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर सर्कल कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं रखें और इस पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

---

### पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने को कहा

# युवाओं में शिक्षा व खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में होती सहायक

*पुलिस ने बगथला में शिक्षकों व विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड व ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ट्रैफिक पुलिस की ओर से सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका व बगथला में शिक्षकों व विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों सहित महिला-बच्चों विरूद्ध अपराध व साइबर अपराधों से बचाव व उनके निवारण की जानकारी दी गई। ट्रैफिक थाने से एएसआई अशोक कुमार कुमार व एचसी शिव भूषण ने विद्यार्थियों को जानकारी दी। पुलिस ने विद्यार्थियों को अपराधों के लिए लागू किए गए सजा के प्रावधानों सहित विशेष अधिनियमों में पोक्सो एक्ट व बाल किशोर अधिनियम से अवगत कराया। पुलिस टीम ने कहा कि सभी शिक्षा व खेलों पर ध्यान दे तथा नशे से दूर रहे। उन्होंने कहा कि युवाओं में शिक्षा व खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर शिक्षा व खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए इसका हिस्सा बने, क्योंकि आजकल नौजवान पीढ़ी नशे की लत में पड़ती जा रही है, जोकि आने वाले समय में बहुत ही घातक सिद्ध हो सकती है। ऐसे में युवाओं को भी चाहिए कि वह नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साईड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, नशीले पदार्थ और बीड़ी-सिगरेट का प्रयोग न करने के साथ नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने की नसीहत दी।



रेवाड़ी। स्कूल में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

पुलिस टीम बताया कि सभी साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अंजान लोगो से फ्रैंड व फॉलो रिक्वेस्ट असेप्ट न करे। अपनी गोपनीय जानकारी किसी को न दे तथा किसी भी साइबर अपराध के घटित होने पर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते है। पुलिस टीम ने स्टूडेंट्स को डायल 112 के ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी भी दी, जिससे छात्राएं व महिलाएं डायल 112 पर कॉल कर ट्रिप मॉनिटरिंग का लाभ उठा सकती हैं और अपने सफर को सुरक्षित बना सकती हैं। स्कूल के प्रिंसिपल ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

---

## गवर्नमेंट स्कूल हांसाका में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, भतेरी देवी बनी प्रधान

- प्रधानाचार्या ने प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्यों की ओर से स्कूल में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका में सोमवार को सभा का आयोजन कर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें भतेरी देवी को प्रधान व पूनम देवी को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा कविता, आशीष, शिवकुमार, नरेश शर्मा, सुनील, मनोज, रणधीर, सोनिया व कुलदीप को सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या सरोज यादव ने की। उन्होंने बताया कि एसएमसी में 12 सदस्य अभिभावक तथा 4 सदस्य शिक्षाविद, समाजसेवी, पंचायत सदस्य व अध्यापक सहित 16 सदस्यों का चयन किया गया। विद्यालय की रिसोर्स पर्सन मीनू ने प्रबंधन समिति को उनके कार्यों की जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्या ने प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्यों की ओर से स्कूल में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की। ग्राम पंचायत हासांका के पंचायत सदस्य जिले सिंह ने एसएमसी की पुनर्गठन प्रक्रिया में हिस्सा लेकर सहयोग का आश्वासन दिया।



रेवाड़ी। नए एसएमसी पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 28 को बोड़िया कमालपुर में

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 28 मई को जिले के गांव बोडिया कमालपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम प्रीति रावत ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे।

---

### सप्ताह में 3 वाहन जब्त 7.20 लाख का जुर्माना

**नारनौल।** जिले में खनन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से गठित की गई टास्क फोर्स लगातार छापे मार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पिछले सात दिन में 978 वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान नियमों की अवहेलना करने पर तीन वाहनों को जब्त किया गया। जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में टीम ने 978 वाहनों की जांच की। इस दौरान तीन वाहनों को जब्त किया गया। इन पर 7.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग व उपयुक्त डॉ. विवेक भारती के दिशा निर्देश अनुसार टीम लगातार फील्ड में कार्य कर रही है। जिले में अवैध खनन व खनिज का अवैध परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# बच्चों के नाजुक कंधों पर बस्ते का बोझ नहीं, हो उम्मीदों के पंख

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा व गणेश ने जिले के विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा व गणेश ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व जिला बाल कल्याण समिति के साथ जिले के समर वैली पब्लिक स्कूल भांडौर, प्ले स्कूल गोलियांकी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय मनेठी व आंगनबाड़ी प्ले स्कूल मनेठी में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि बच्चों के बैग उनकी उम्र व उनके वजन के हिसाब से काफी भारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के नाजुक कंधों पर बस्ते का बोझ नहीं, उम्मीदों के पंख होने चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले से ही तेज गति से भागती जिंदगी में बच्चों पर वजनी बस्ता बढ़ता तनाव का कारण बना हुआ है।

मासूम बचपन में स्कूली बस्तों का बोझ कम होने की बजाय बढ़ना चिंता का विषय है। उन्होंने बच्चों के मिड-डेमील का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पोषण भी शिक्षा के साथ संरक्षण का अहम विषय है। मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की जागरूकता एक संरक्षण चक्र है, जिसमें हर बच्चा सुरक्षित होगा, आयोग सदस्य ने बच्चों से संबंधित अन्य मुख्य मुद्दे जैसे प्ले ग्राउंड में बच्चों की सुरक्षा व शौचालयों में स्वच्छता का भी निरीक्षण किया।



रेवाड़ी। स्कूलों का निरीक्षण करते हुए हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य। फोटोःहरिभूमि

---

# कार्यशाला में पानी के सदुपयोग व पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर एक के हवन पार्क में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत महिला शक्ति प्रमुख पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां एकता कौशिक थी। कार्यशाला में पानी, पेड़-पौधों व पॉलीथिन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में पानी के सदुपयोग करने, आवश्यकता अनुसार ही पानी इस्तेमाल करने, पानी व्यर्थ न बहाने, वाहनों को धोने के बजाय साफ करने, आरओ के वेस्ट पानी को पेड़ों में डालने, अधिक से अधिक पौधे लगाने, लगे हुए पेडों को कटने से बचान व पेड़ों के सरंक्षण पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में सबसे विकट समस्या पॉलीथन है।



रेवाड़ी। सेक्टर-1 पार्क में आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

---

# गोशाला को जमीन देने वालों का होगा अभिनंदन

- गोरक्षक के बलिदान दिवस 4 अगस्त को वन महोत्सव व रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पार्क में संस्थाओं की बैठक दलीप शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आशावादी ने बैठक का संचालन किया। उन्होंने कहा कि 15 जून को मुख्यमंत्री नायब सैनी के आगमन पर गोरक्षक बलिदानी देवेंद्र यादव उर्फ सोनू सरपंच फिदेड़ी को सम्मान देने वालों व गोशाला को जमीन देने वालों का अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरक्षक देवेंद्र यादव चौक को भव्य रूप दिया जाएगा। गोरक्षक के विवरण सहित फोटो जिले की सभी गोंशालाओं एवं उपचारशालाओं में लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गोरक्षक के पहले बलिदान दिवस 4 अगस्त को वन महोत्सव एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा गोशाला में सेवादान एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। दयाराम आर्य, श्याम सुंदर व राजकुमार को सम्मान समारोह की जिम्मेदारी दी गई। मनोज कुमार एक्स सरपंच बालियर कलां ने सम्मान समारोह के लिए 51000 रुपये का सहयोग किया। बैठक में शीशराम यादव, लाल सिंह सरपंच फिदेड़ी, अनिल आर्य पाल्हावास, अभय सिंह, मतवाल नंबरदार, रोशनलाल आर्य, हेडमास्टर जितेंद, दयानंद आर्य, प्रथम अग्रवाल, प्रदीप डागर, कमल सिंह, सोनू पंच, श्योकंद यादव, लखपत सिंह, रोहित यादव, नवीन यादव, ओपी अग्रवाल, अमन यादव, रविदेव यादव, सरदार सिंह, नवल सिंह, राज सिंह आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद संस्थाओं के प्रतिनिधि।

---

# सैनिक स्कूल परीक्षा में सफलता पाने वाले सम्मानित

- प्रधानाचार्य समर कुमार ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

माउंट हेरिटेज स्कूल के छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा नौवीं के ओमेश ने अखिल भारतीय रैंक 157 प्राप्त कर मिसाल कायम की है। इसके अलावा वर्तिका, दर्शील, अनुष्का, अर्णव, विनीत, जानवी, अंबर, अपेक्षा, दिव्यांशी, यीतंजलि, सानवी, स्नेहा यादव, स्नेहा कुमारी, हिमांशी, डिंपी और योराव सहित कई विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। कक्षा छठी से नव्या, आरव, जयन्त, अनन्या, चव्हाण, गरिमा, दक्ष, जानवी, जितेन और क्रिंजल का सैनिक स्कूल में चयन हुआ है। कक्षा आठवीं के 40 में से 40 छात्रों का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य समर कुमार ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी। स्कूल के चेयरमैन प्रवीण गोयल ने भी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और सम्मानित किया। सभी शिक्षक मौजूद थे।



रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में चयनित विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

---

# रागी जत्थे ने शबद कीर्तन, गुरुवाणी व सुखमणी साहेब का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत विकास परिषद् शाखा की ओर से सनातन संस्कृति की रक्षा करने वाले सिख गुरु तेगबहादुर, गुरु अंगद देव व गुरु हरगोबिंद के प्रकाश पर्व और गुरु अर्जुनदेव के बलिदान दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंहसभा रेलवे रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन, गुरुवाणी व सुखमणी साहेब का पाठ किया। इस मौके पर भाविप के संरक्षक रमेश सचदेवा ने लंगर का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में सिख संत गुरु जगदेव सिंह तलवंडी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में भाविप के प्रांतीय संयोजक पर्यावरण मुकेश सैनी, जिला समन्वयक डा. प्यारेलाल, संयोजक सरदार काश्मीर सिंह, अध्यक्ष दिनेश सैनी, सचिव राम किशोर सैनी, कोषाध्यक्ष प्रेम मेहंदीरत्ता, हुक्मचन्द प्रजापत, योगेश शर्मा, प्रदीप माटा, अजय गुप्ता, नितिन, नरेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार व राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व भाविप के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

---

### सिहमा में नाले के निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में रोष

**मंडी अटेली।** भले ही सरकार भ्रष्टाचार रोकने के दावे कर रही हो और विकास कार्यों के लिए प्रशासन को दी गई ग्रांट को पूर्ण रूप से विकास कार्य में पाई-पाई लगाने की बात कह रही हो, लेकिन धरातल पर ये बातें खोखली साबित होती दिखाई दे रही हैं। फैजाबाद कनीना रोड पर सिहमा में सड़क के दोनों तरफ टाइलें लगाई जा रही हैं। उन टाइलों के साथ गंदे पानी के नाले का निर्माण भी किया जा रहा है। ग्रामीण अजीत यादव, सचिन कुमार, विनोद शर्मा, श्याम सुंदर, दीपांशु शर्मा ने बताया कि सिहमा में बाछौद मोड़ पर नाले के निर्माण कार्य में ठेकेदार बिना पैमाइश व बिना लेवल कर नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके कारण बारिश के समय में फिर से पानी सड़क पर खड़ा रहेगा और आने जाने वाले राहगीरों और स्कूल में जाने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं सड़क के दोनों तरफ लग रही टाइलों में जोड़ने के लिए सीमेंट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। कुछ समय के बाद ही वह टाइल जोड़ नहीं होने के चलते अलग-अलग हो जाएंगे।

---

### टॉपर छात्राओं को लैपटॉप भेंटकर व ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित किया

# श्री कृष्णा स्कूल में एचबीएसई व सैनिक स्कूल के टॉपरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका में सोमवार को एसबीएसई के टॉपर व सैनिक स्कूल में चयनित विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महंत कृष्णनाथ महाराज व स्कूल संचालक सुरेश कुमार यादव ने बोर्ड परीक्षा में राज्य भर में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशी को स्कूटी तथा अन्य टॉपर छात्राओं को लैपटॉप भेंटकर और ज्यादा मेहनत करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया में 35वीं रैंक प्राप्त करने वाले अमनराज को साइकिल व बोर्ड परीक्षा में पांचवां, आठवां तथा नौवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नव्या, वंशिका व अंशु को टैब भेंट किए गए। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार ने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं।





रेवाड़ी। छात्रा खुशी को स्कूटी भेंट करते संचालक व छात्र अमनराज को साइकिल भेंट करते स्कूल संचालक। फोटो :हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### सुहागिनों ने पूजा कर मांगी पति की दीर्घायु

**रेवाड़ी।** सुहागिनों ने सोमवार को वट सावित्री का व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना की। सुहागिनों ने अपने घरों में ही सत्यवान सावित्री की कथा सुनी व ईश्वर से उनके पति को दीर्घायु देने की कामना की। व्रतियों ने वटवृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा भी की। शहर के मंदिरों में सुहागिनों का तांता लगा रहा। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि सावित्री प्राचीन काल में अपने पति सत्यवान के प्राण वापिस लाने के लिए यमराज तक से भी भिड़ गई थी और पति के शव को वट वृक्ष के नीचे रखकर यमराज से आग्रह किया था कि उनके पति को जीवित किया जाए। यमराज को भी पतिव्रता सावित्री के सामने झुकना पड़ा था।

### एडवोकेट के आकस्मिक निधन, कार्यक्रम स्थगित

**कोसली।** नठेडा गांव के एडवोकेट विक्रम सिंह की असामयिक मृत्यु के कारण गांव में 27 मई को शनि जयंती पर होने वाला जागरण एवं भंडारा अब स्थगित कर दिया गया है। यह कार्यक्रम अब 7 जून को आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने बताया कि यह श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा यह आयोजन प्रतिवर्ष मनाया जाता है, इस बार गांव के ही सम्मानित नागरिक की असामयिक मृत्यु के चलते संपूर्ण ग्रामवासी शोक संतप्त हैं। भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने दिवंगत की आत्मिक शांति की प्रार्थना की।

## कोविड काल के समय लगाई थी 63 लाख की इलेक्ट्रिक मशीन, केवल एक ही शव का 'अंतिम संस्कार'

# ऑपरेटर का अभाव, 4 साल से जंग खा रही इलेक्ट्रिक मशीन और 'अंतिम सफर' में भी बढ़ रही मुश्किल

### वार्ड-25 वासी सीएम को ईमेल कर समाधान की कर चुके मांग, अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

वर्ष 2021 में कोविड़ के समय केंद्र सरकार की स्कीम के तहत आदर्श नगर स्थित श्मशान भूमि में शवों के दाह संस्कार के लिए 63 लाख की लागत से इलेक्ट्रिक मशीन लगाई गई थी, लेकिन चार वर्ष में इस इलेक्ट्रिक मशीन से नवंबर 2022 में एक ही शव का दाह संस्कार किया गया। श्मशान भूमि में मशीन पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी लोगों को शवों के दाह संस्कार के लिए सुविधा नहीं मिल पा रही है। पिछले चार वर्ष से ऑपरेटर के अभाव में कमरे में बंद मशीन जंग खा रही है, यहां तक कि शटर पर भी जंग लग चुका है, जबकि मशीन चलाने के लिए बिजली का कनेक्शन भी है।

अब देश में कोविड़ की पुनः आहट के साथ श्मशान भूमि में इलेक्ट्रिक मशीन को पुनः शुरू कराने की फिर से मांग उठने लगी है, जिसके लिए वार्डवासी अशोक कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को ई-मेल करके मशीन का संचालन शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली न होने की स्थिति में श्मशान भूमि में दाह संस्कार की इलेक्ट्रिक के संचालन के लिए एक जनरेटर लगाया गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद नगर परिषद ने जनरेटर सेट को हटाकर अपने कार्यालय में स्थापित कर लिया।

नागरिकों के विरोध करने पर नप अधिकारियों ने श्मशान भूमि में नया जनरेटर लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन करीब तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी जनरेटर सेट नहीं लगाया गया है। केंद्र में लाखों की इलेक्ट्रिक मशीन जंग खाकर कबाड़ में तब्दील होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत शव दाह संस्कार में भारी मात्रा में लकड़ी की आवश्यकता होती है, जिससे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र के पुनः संचालन के खर्च की भरपाई उन अधिकारियों से की जाए, जिनकी लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।






**रेवाड़ी।** आदर्श नगर श्मशान भूमि में बंद पड़ी इलेक्ट्रिक मशीन व नगर परिषद परिसर में रखा श्मशान भूमि का जनरेटर।

#### 2022 में हटा लिया था जनरेटर

*आदर्श नगर श्मशान घाट में बिजली न आने की स्थिति में शव दाह संस्कार की इलेक्ट्रिक मशीन चलाने के लिए दिसंबर 2022 में जनरेटर लगाया गया था, लेकिन नप की ओर से जनरेटर को उठाकर कार्यालय में रख लिया, जिससे व्यवस्था और भी बिगड़ गई, क्योंकि उस समय श्मशान भूमि का बिजली कनेक्शन कटा हुआ था। जनरेटर नहीं होने के कारण लोगों को लकड़ियों से शव का दाह संस्कार करना पड़ा। जनरेटर सेट अभी तक नप कार्यालय में रखा हुआ है, जोकि काम में भी नहीं लिया जा रहा है। हांलाकि मशीन बिजली व गैस से एक साथ चलती है, लेकिन मशीन के साथ जनरेटर का होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि दाह संस्कार के समय बीच में बिजली चली गई तो शव अधजला रह जाता है।*

#### ऑपरेटर की अभी तक नहीं कोई व्यवस्था

मशीन लगाने का उद्देश्य कोविड़ से मरने वाले लोगों व लावरिस शवों का दाह संस्कार करना था, लेकिन बाद में मशीन की सुविधा सभी के लिए की गई। मशीन लगाने वाली कंपनी को इसे चलाने के स्वयं ऑपरेटर रखना था व मशीन चलाना सीखने के बाद नप कर्मचारी की ड्यूटी लगनी थी। इसके अलावा कंपनी की 5 साल तक मेंटीनेंस की जिम्मेदारी भी थी, लेकिन मशीन पर न तो कंपनी ने ऑपरेटर लगाया और न ही नगर परिषद ने कोई व्यवस्था की।

#### समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी



नप ने जनरेटर हटाने के बाद नया जनरेटर लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक व्यवस्था नहीं की गई है। कार्यालय में भी जरूरत पड़ने पर जनरेटर को चलाया ही नहीं जाता है। कई बार अवगत करवाने के बाद भी नप अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। **-एडवोकेट कुसुमलता,पार्षद।**

#### चार साल में भी नहीं लगा कोई ऑपरेटर



श्मशान भूमि में मशीन शवों के दाह संस्कार के लिए लगाई गई थी, लेकिन लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी मशीन जंग खा रही है। ठेकेदार ने अभी तक मशीन पर ऑपरेटर का प्रबंध नहीं किया है, न ही नप के अधिकारी संज्ञान ले रहे है। जिससे मशीन कबाड़ बनती जा रही है। **-प्रदीप भार्गव, पूर्व पार्षद।**

## अलग रह रही महिला की पॉलिसी के लाखों निकाले

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

पति से अलग अपने पिता के घर रही महिला ने अपने पति व दो लोगों पर ज्वाइंट अकाउंट से उसकी बीमा पॉलिसी के 9.23 लाख रुपये धोखे से निकवाने के आरोप लगाए हैं। कोर्ट के आदेश पर सिटी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीथनवास निवासी सुभद्रा देवी ने बताया कि उसके 2021 में पति सतीश कुमार के साथ मतभेद हो गए थे। इसके बाद वह अपने पिता के गांव झज्जर के पटासनी में रहने लग गई। उसने एक जीवन बीमा पॉलिसी ली हुई थी, जिसका वह लगातार किश्त भुगतान करती रही। उसने पहले पॉलिसी में अपने पति को नोमिनी बनाया हुआ था। अलग होने के बाद अपने पिता को नोमिनी बना दिया था। महिला ने इस्तगासे में बताया कि उसका पति के साथ एसबीआई में ज्वाइंट अकाउंट था। उसके खाते में पॉलिसी मैच्योर होने के 922650 रुपये जमा हुए थे। उसके पति ने बैंक कर्मियों के साथ मिलकर यह रकम ज्वाइंट अकाउंट से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।

#### पति सहित कई पर केस

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ उसने पुलिस से लेकर सीएम विंडो तक पर शिकायत दर्ज कराई थी, परंतु उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उसे कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने इस्तगासे पर कार्रवाई करने के लिए उसे पुलिस के पास भेज दिया। पुलिस ने महिला के पति व बैंक कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। जांच के बाद पुलिस कोर्ट को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## योग प्रशिक्षण शिविर में सभी शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई व डीपीई भी लें भागः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आगामी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए जिला व खंड स्तर पर रूपरेखा तैयार की जा रही है। योग दिवस के उपलक्ष्य में योग मैराथन का आयोजन 19 जून को किया जाएगा। आम नागरिकों तथा विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीई को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सभी संबंधित प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आगामी 4 जून से 6 जून तक जिले के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं 12 जून से 14 जून तक खंड स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, पंच अन्य निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉउट गाइड एवं इच्छुक जनसाधारण को योग प्रशिक्षकों द्वारा स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। डीसी ने बताया कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 7 बजे से 8 तक जिला स्तर पर राव तुलाराम स्टेडियम में योग दिवस मनाया जाएगा।



**रेवाड़ी।** योग दिवस को लेकर बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित प्राचार्या व एसएमसी सदस्य।

## गिरीश बने गवर्नमेंट ब्वॉयज स्कूल के एसएमसी प्रधान, 20 सदस्य चुने

**रेवाड़ी।** शहर के भाड़ावास गेट के पास स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल में सोमवार को प्राचार्या सरोज यादव की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रों के अभिभावक, वार्ड मेंबर, समाजसेवी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस मौके पर सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति के 20 सदस्यों को चुना गया। बैठक में नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज के नाम का प्रस्ताव एसएमसी अध्यक्ष पद के लिए रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर पारित किया गया। समिति में सरोज पीजीटी हिंदी,बबीता यादव पीजीटी अंग्रेजी, राजेश ओएसएसएच, मनीषा यादव, रश्मि, राजपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रताप सैनी व बिल्लु उपस्थित थे। एसएमसी की पदेन सचिव प्राचार्या सरोज यादव ने विद्यालय एवं विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास करने में सदैव तत्पर रहने के संकल्प के साथ एसएमसी का आभार व्यक्त किया।

## नए-नए तरीके अपना रहे साइबर ठग अनजान ग्रुप से इंवेस्टमेंट टिप्स न लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आज की तकनीक के दौर में अलग-अलग तरह से लोगों को ऑनलाइन सुविधाएं मिल रही है, जिससे लोगों को तकनीकी सुविधाएं मिल रही है। साइबर अपराधी इस निर्भरता का फायदा उठा कर लोगों को साइबर अपराध का शिकार बनाते है। साइबर ठगी के लिए साइबर अपराधी लोगों को विभिन्न प्रकार से लालच देते हैं। साइबर अपराधी टेलीग्राम टास्क फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, कस्टमर केयर अधिकारी बनकर फ्रॉड, लोन फ्रॉड, अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करना, क्यूआर-यूपीआई के माध्यम से लोगों के खाते में पैसे डलवाने का लालच देकर व बैंक अधिकारी बनकर ओटीपी प्राप्त करके ठगी कर रहे है।

#### साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय



*एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से कोई ऐप डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया पर भेजी गई लिंक का प्रयोग न करें। किसी भी अनजान नंबर से आए हुए लिंक पर क्लिक न करें। यदि अपने खाते के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो बैंक से निर्धारित की गई एप से ही जानकारी प्राप्त करें। किसी अनजान नंबर से किसी ऑफर व किसी प्रकार का लाभ देने के संबंध में कॉल आए तो पंजीकृत नम्बर से जानकारी ले और अपनी गोपनीय जानकारी जैसे बैंक खाते, पैन कार्ड व आधार कार्ड की जानकारी सांझा न करें। यदि कोई व्यक्ति आपको फोन या मैसेज करके कम समय में ज्यादा पैसे कमाने का लालच देता है तो समझ जाए कि वह साइबर ठग है। लाल रंग से ताले के निशान कटे होने वाली वेबसाइट को खोलने से बचें, किसी की भी फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले पड़ताल करें।*



#### डीसी ने 'सैनिक अभिलाषा' पुस्तक का किया विमोचन

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को बीरेंद्र सिंह की ओर से देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य अभियान पर लिखित 'सैनिक अभिलाषा' नामक पुस्तक का विमोचन किया। डीसी ने पुस्तक का विमोचन करते हुए बीरेंद्र सिंह को शुभकामनाएं दी। गांव कालाका निवासी बीरेंद्र सिंह ने भारतीय सेना और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित कुछ साहित्यिक कार्य किए हैं। वह वर्तमान में दिल्ली विधानसभा के आईजीपी कार्यालय में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। डीसी मीणा ने कहा कि साहित्य समाज का आईना है। यह समाज और साहित्य के बीच गहरे संबंध को उजागर करता है। साहित्य मानव अनुभवों, भावनाओं और समाज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है। साहित्यकार अपने लेखन में समाज की विभिन्न परतों को उजागर करते हैं।

## पहले मंदिर में बैठकर खाना खाया, फिर चांदी का मुकुट लेकर फरार हो गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

**आस्था पर चोरों की चोट**

श्रीश्याम मंदिर रामसरोवर से बाबा का चांदी का मुकुट चोरी हो गया। चोरी से पहले मंदिर में एक महिला व पुरुष बच्ची के साथ खाना खा रहे थे, जिनके वहां से जाने के बाद मुकुट गायब मिला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में जेलदार कोठी मोहल्ला निवासी उपेंद्र कुमार ने बताया कि वह श्रीश्याम मित्र मंडल रामसरोवर तालाब का प्रधान है। सुबह के समय वह मंदिर में माथा टेकने के लिए गया तो पुजारी ने बताया कि मंदिर से श्रीश्याम बाबा का चांदी का मुकुट चोरी हो गया है। बाबा के गले की माला भी टूटी हुई मिली है। उपेंद्र ने बताया कि उसके मंदिर में जाने पर एक महिला व पुरुष बच्ची के साथ बैठे खाना खा रहे थे। उसे पूरी आशंका है कि वही मुकुट चुराकर ले गए हैं। उसने डायल-112 पर कॉल की तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास महिला व पुरुष का पता लगाने का प्रयास किया, परंतु वह नहीं मिले। बाद में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करते हुए आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

#### बाबा भैया के मंदिर से घंटे चोरी

*कुंड। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में मंदोला निसासी जिलेसिंह ने बताया कि वह बाबा भैया मंदिर का प्रधान है। मंदिर में पीतल के दो घंटे लगे हुए थे, जिन पर दानकर्ताओं के नाम गुदे हुए हैं। रात के समय चोर मंदिर से दोनों घंटे चोरी कर ले गए। घंटों की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी।*



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व शाखा के सदस्य।

## विवेकानंद शाखा ने सोसायटी में लगाया वाटर कूलर, उद्घाटन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विवेकानंद शाखा की ओर से शांति लोक सोसायटी में वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के संरक्षक राव शेर सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि समाजिक कार्यकर्ता रमेश सचदेवा थे। कार्यक्रम में विवेकानंद शाखा के संरक्षक मोहन गोयल, अध्यक्ष अतुल बत्रा, सचिव संजीव यादव, कोषाध्यक्ष सुरिंदर अरोड़ा और राजेश यादव भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा. नवीन अधलखा ने किया। अनुकूल शर्मा, रामफल यादव, संजय यादव, वेद प्रकाश शर्मा, जगजीत यादव, दीपक यादव, नरवेंद्र सांगवान, बाबूलाल यादव और ज्योति अधलखा ने कार्यक्रम में योगदान दिया। आयोजकों ने सभी को स्वच्छ पेयजल तक पहुंच उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया।

## पीएनबी ने सेवानिवृत्त सैनिक की पत्नी को सौंपा क्लेम का 10 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकुलर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य शाखा में सोमवार को सेना से सेवानिवृत्त जयपाल निवासी बालावास अहीर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके खाते की वारिस लक्ष्मी देवी को 10 लाख का चेक भेंट किया गया। मंडल प्रमुख सुनीता कुमारी, मुख्य प्रबंधक देवेंद्र यादव, मार्केटिंग चीफ शर्मिला यादव, पीएलपी हेड पुनीत कुमार व केयर हेल्थ से सचिन यादव ने चेक भेंट किया। स्वः जयपाल ने सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पंजाब नैशनल बैंक में वर्ष 2005 में बचत खाता खुलवाया था, इसके बाद उन्होंने अपनी पेंशन पर बैंक से लॉन लिया था। बैंक ने लॉन के साथ उनका केयर हेल्थ इंश्योरेंस का लॉन सुरक्षा बीमा किया था। 29 सितंबर 2024 को अकस्मात जयपाल की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गईं, जब इसकी सूचना मृतक के परिवार जनों ने बैंक को दी तो देवेंद्र यादव वर्तमान शाखा प्रमुख ने कार्यवाही करते हुए जयपाल की पत्नी लक्ष्मी देवी को 10 लाख का दुर्घटना क्लेम दिलवाने में सहायता की। लक्ष्मी देवी ने पीएनबी तथा केयर हेल्थ इंश्योरेंस टीम का आभार व्यक्त किया।




**रेवाड़ी।** लक्ष्मी देवी का चेक भेंट करते बैंक अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



## समाधान शिविर में जल आपूर्ति, पेंशन व भूमि विवाद की शिकायतों पर हुई सुनवाई, समाधान

**रेवाड़ी।** सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी अनुपमा अंजलि ने जल आपूर्ति, पेंशन, भूमि संबंधी विवाद व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई की। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। एडीसी ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है, जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसमें प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीएसपी विनोद शंकर इत्यादि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, संजय यादव पुत्र श्री रामपाल निवासी गुगोढ तहसील कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा सगा लड़का युद्धवीर व मेरी पुत्र वधु बबिता पत्नी युद्धवीर हमारे कहने सुनने से बाहर है व मनमानी करते हैं तथा हमारे साथ ठीक व्यवहार नहीं करते हैं। मैं अपने लड़के व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद इन दोनों से मेरा व मेरी पत्नी का कोई संबंध व वास्ता नहीं रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इन दोनों से किसी प्रकार का लेन देन करेगा तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा।




## खबर संक्षेप

### गलत लेन में वाहन चलाते चालक काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने जैसलमेर-रेवाड़ी नेशनल हाइवे पर गलत लेन में वाहन चलाने के आरोप में चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक ट्रॉला चालक नारनौल की ओर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए गलत लेन में आ रहा था। इससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने ट्रॉला रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम यूपी के कलछीना निवासी फरियाद बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रॉला भी कुंड पुलिस चौकी में इंपाउंड कर दिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**कुंड।** मामड़िया अहीर में सड़क पर खड़ी टाटा ऐश गाड़ी के चालक ने अचानक खिड़की खोल दी, जिससे बाइक चालक खिड़की से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आलियावास निवासी सुनील ने गोठड़ा बस स्टैंड पर नाई की दुकान की हुई है। वह गांव से बाइक लेकर दुकान पर जा रहा था। मामड़िया बस स्टैंड पर एक टाटा ऐश गाड़ी के चालक ने खिड़की खोली तो सुनील की बाइक उससे टकरा गई। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से गंभीरावस्था में दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने बीएमजी मॉल के पीछे सट्टा खाईवाली करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि धारूहेड़ा चुंगी निवासी करण बीएमजी मॉल के पीछे गली में सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बोगस ग्राहक बनाकर वहां भेज दिया। नंबर लगाते ही पुलिस ने ने करण को काबू कर लिया। उसके कब्जे से सट्टे की 1650 रुपये राशि और पर्चियां बरामद की गई हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### शोरूम के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** शहर के एक शोरूम के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में भगवानपुर निवासी प्रशांत ने बताया कि वह एक शोरूम में काम करता है। वह घर से बाइक लेकर शोरूम आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह शोरूम में अपने काम में व्यस्त हो गया। शाम को घर जाने के लिए वह बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### बांग्लादेशी मामले में भट्टा मालिक काबू

**रेवाड़ी।** चार दिन पूर्व ईंट भट्टे से 12 बांग्लादेशी पकड़े जाने के मामले में पुलिस ने भट्टा मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। बावल थाना पुलिस ने गलत शपथ पत्र देकर भट्टे पर कोई बांग्लादेशी नहीं होने का दावा करने के बाद गढ़ी नरसिंहपुर के श्री दुर्गा ब्रिक्स उद्योग से बांग्लादेशी पकड़े थे। पुलिस ने गलत सूचना देने पर भट्टा मालिक आसरा का माजरा निवासी चरण सिंह महलावत व मुनीम लालसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। चरण सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### विभागाध्यक्षों को हर माह मीटिंग करने के दिए निर्देश

# तहसीलदार पर गिरा मंत्री का नजला, चार्जशीट करने के आदेश जारी, अधिकारियों की जमकर खिंचाई







रेवाड़ी। बैठक में परिवादों की सुनवाई करते मंत्री विपुल गोयल, बैठक में अपनी शिकायत रखते हुए पार्षद, बैठक में शिकायत रखते हुए परिवादी। फोटो :हरिभूमि

- ग्रीवेंस मीटिंग में आने वाले परिवादियों को भी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक सोमवार को प्रदेश के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मंत्री ने लोगों के कार्य करने में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया। एक परिवाद पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार को चार्जशीट करने के आदेश दिए, तो पार्षदों की समस्या पर डीएमसी को भी कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह हर माह अधीनस्थ अधिकारियों की मीटिंग लेकर लोगों की समस्याओं का निपटारा करें तथा परिवेदना समिति की बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं। उन्होंने बैठक में परिवाद लेकर आने वाले लोगों को भी नसीहत देते हुए कहा कि वह अनावश्यक व्यक्तिगत समस्याओं को बैठक में लाने से बचें।

लगभग चार माह बाद ग्रीवेंस कमेटी की बैठक हुई है। इसमें आए पुराने परिवादों को देखकर मंत्री का पारा चढ़ गया। उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि आखिर वह इतने समय से क्या कर रहे थे।

इसके बाद अधिकारी बगलें झांकने को मजबूर हो गए। उन्होंने कंकरवाली में जोहड़ की पैमाइश में की जा रही देरी पर मोनिका, सुमन व बबीता आदि महिलाओं के परिवाद पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार से देरी का कारण पूछा, तो तहसीलदार श्रीनिवास मंत्री व परिवादियों को संतुष्ट नहीं कर पाए। तहसीलदार श्रीनिवास ने सफाई देते हुए कहा कि वह राजस्व विभाग को चार बार पत्र लिख चुके हैं, परंतु पुराना रिकॉर्ड नहीं मिलने के कारण पैमाइश में देरी हुई है। इसके बाद मंत्री ने तहसीलदार को जार्चशीट करने के आदेश दे दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार का प्रयास है कि लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसलिए अधिकारी भी समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करें। लापरवाह अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

#### तीन पुराने व 18 नए पदिवादों पर हुई सुनवाई

मंत्री विपुल गोयल की बैठक में तीन पुराने सहित 21 परिवादों पर सुनवाई की, जिसमें 17 शिकायतों का निपटारा किया गया तथा 4 परिवाद लंबित रखे गए। सड़क पर आ रहे पेड़ों की शिकायत पर डीएफओ के बैठक में अनुपस्थित होने पर जांच करने के आदेश दिए गए। उनके जूनियर अधिकारी ने बताया कि डीएफओ एसीएस की मीटिंग में चंडीगढ़ गए हुए हैं। चांदपुर गांव निवासी कृष्ण यादव की ड्रेन की सही से निकासी नहीं हो की शिकायत पर मंत्री ने 5 अधिकारियों की कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए। बावल रोड पर गंदे पानी की सप्लाई को लेकर बैठक के दौरान एचआरईडीसी व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में तालमेल की कमी पाई गई, जिस पर मंत्री ने कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए। इसके अलावा ऐतिहासिक प्राचीन बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के सामने सीवर के गंदे पानी के जमा होने की शिकायत पर मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाकर जल्द से जल्द समाधान करने की आदेश दिए। डहीना पैक्स मामले में भी जांच के आदेश दिए गए। निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि शहर में बरसात से पहले सभी नालों की सफाई की जाए, जिस पर डीएमसी ने कहा कि टेंडर छोड़ दिया गया है तथा जल्द ही नालों की सफाई का कार्य शुरू किया जाएगा। गांव पाड़ला निवासी लता देवी ने बताया कि उसके घर के सामने दूषित पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों ने रास्ते को अवरूद्ध किया हुआ है। गांव बुडोली निवासी कमल सिंह ने भी बरसाती पानी की निकासी न होने तथा घर के सामने जलभराव होने की समस्या रखी। डीडीपीओ नरेंद्र सारवान ने बताया कि रास्ते पर सीमेंट, कंक्रीट का चेंबर बनाकर पानी निकासी का प्रबंध किया जा रहा है, जिस पर मंत्री ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ इंद्रजीत व कष्ट निवारण समिति के सदस्य भूपेंद्र गुप्ता को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट उपायुक्त को देने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग, नगर परिषद, को-ऑपरेटिव सोसायटी व बिजली वितरण निगम से संबंधित शिकायतें रखी गई।

#### यह रहे बैठक में मौजूद

बैठक में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक डा. कृष्ण कुमार, विधायक अनिल यादव, एडीसी अनुपमा अंजलि, डीएमसी राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, उदय सिंह, विजय कुमार यादव व सीटीएम प्रीति रावत सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

#### चेक कराया जाएगा डीएमसी का रिकॉर्ड

शहर के पार्षदों ने विकासकार्यों को लेकर डीएमसी पर खुलकर आरोप लगाए। पार्षदों ने आरोप लगाया कि डीएमसी उनकी फाइलों पर साइन करने की बजाय उन्हें लंबे समय तक दबाए रखते हैं। इससे उनके वार्डों के कार्य प्रभावित होते हैं। पार्षदों के तेवर देखते हुए मंत्री विपुल गोयल ने डीएमसी को निर्देश दिए कि वह पार्षदों की फाइलों को लटकाने की बजाय शहर के विकासकार्यों को गति देने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने अपने पीए से कहा कि हेडक्वार्टर से टीम भेजकर डीएमसी कार्यालय में लंबित फाइलों की जांच कराएं।

## प्रोफेसर विजय कुमार बने सीडीएलयू के कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



प्रोफेसर विजय कुमार।

हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने प्रोफेसर विजय कुमार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति का कार्यभार सौंपा है। प्रोफेसर विजय कुमार इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के भौतिकी विभाग में प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं एवं विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले का कार्यभार भी इन्हीं के पास था। प्रोफेसर विजय कुमार विभाग के चेयरपर्सन का भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रोफेसर पूर्व में अधिष्ठाता छात्र कल्याण का भी कार्यभार संभाल चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं डीन भी रहे है। आईजीयू में नियुक्त होने से पूर्व प्रोफेसर विजय आईकेजी पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी में कुलसचिव एवं एलएन हिंदू कॉलेज रोहतक में प्राचार्य के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। प्रोफेसर एग्जीक्यूटिव काउंसिल, कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद, एडवाइजरी कमेटी एवं यूनिवर्सिटी कोर्ट के सदस्य भी रहे है तथा इनके 105 रिसर्च पेपर प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके है। आईजीयू के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी, कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह सहित सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों ने प्रोफेसर विजय कुमार को कुलपति नियुक्त होने पर बधाई दी है।

### प्राइवेट बस में कर्मचारी का पर्स चोरी करने के मामले में दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट पुलिस चौकी ने प्राइवेट बस में कंपनी कर्मचारी का पर्स चोरी करने के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। महिला आरोपियों की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गांव नूरभद्रा निवासी मुनेश व जिला अलवर के गांव तिगांवा निवासी अंजू के रूप में हुई है। महिलाओं ने सोमवार को कनीना जिला महेन्द्रगढ़ निवासी कंपनी कर्मचारी नवीन कुमार का प्राईवेट बस में पर्स चोरी कर लिया।

## आईजीयू के रिसोर्स पर्सन को पुनः समायोजित करने पर सीएम का जताया आभार



रेवाड़ी। सीएम नायब सैनी से मिलते अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर।

- कार्यरत लगभग 65 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन यानि हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर आभार व्यक्त कर ज्ञापन सौंपा। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष विजय मलिक व आईजीयू की अध्यक्ष कर्मवती यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर विश्वविद्यालय में कार्यरत छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सन के लंबे अनुभव और छात्रों के भविष्य के हित में आईजीयू की पूर्व कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्णी व कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने पुनः जॉइनिंग कराई थी और जॉब सिक्योरिटी की प्रक्रिया में भी शामिल किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मांग करते हुए कहा कि सेवा सुरक्षा मिलने तक नई स्थाई भर्तियों में पहले से कार्यरत अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को भरा हुआ नहीं मानने व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में 158 रेगुलर टीचिंग पदों के लिए आवेदन मांगने से वहां पर कार्यरत लगभग 65 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो इंदिरा गांधी युनिवर्सिटी मीरपुर जैसी स्थिति एमडीयू रोहतक और अन्य विश्वविद्यालयों में भी उत्पन्न हो सकती है। इस अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से डा. रेखा बिश्नोई, डा. मोनिका, डा. बीरबल कौशिक, डा. रवीश, डा. पुलकित, आईजीयू से डा. जोगिंदर एवं बीपीएस महिला युनिवर्सिटी से डा. अमित मलिक सहित अनेक अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर मौजूद थे।

## सुबह कूल बना रहा मौसम दोपहर बाद बरसने लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बावल रोड पर दो दिन बाद भी जमा बरसात का पानी। फोटो :हरिभूमि

बीते शनिवार की रात तेज आंधी के साथ आई बरसात से गिरे तापमान ने नौतपा के दिनों में मौसम कूल-कूल कर दिया। सुबह के समय मौसम काफी ठंडा रहा, परंतु दोपहर बाद तक उमस गर्मी ने लोगों को पसीने में जमकर भिगोया। तीन दिन बाद में मौसम में एक बार फिर से बदलाव आ सकता है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बरसात हो सकती है।नौतपा के पहले ही दिन अच्छी बरसात के बाद तापमान में 9.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ गई थी। इससे भारी गर्मी की जगह नौतपा में लोगों को ठंडे मौसम का लुत्फ उठाने का मौका मिला था। सोमवार को सुबह के समय आसमान में गहरे बादल छाए रहे। सुबह हल्का कोहरा भी छाया रहा। दोपहर तक आसमान साफ हो गया। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 33.0 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान 3.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 58 फीसदी तक रहा, जिस कारण दोपहर तक तेज धूप से उमस बन गई। इससे दोपहर बाद तक लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। भारी उमस के कारण कूलरों की हवा ने भी काम करना बंद कर दिया। लोग दिन भर पसीने में भीगते रहे। शाम समय एक बार फिर से बादल छाने के बाद मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार 27 मई से दो दिन तक मौसम साफ रह सकता है, परंतु इसके बाद एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। नौतपा के दिनों में इस बार तापमान 40 डिग्री के आसपास ही बना रह सकता है। तूफानी बरसात के बाद सैकड़ों की संख्या में पोल व दर्जनों ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों की बिजली व्यवस्था रविवार की रात भी पटरी पर नहीं लौटी।

### वरिष्ठ भाजपा नेता का पार्टी में रुतबा बरकरार, प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद आए थे नायब सैनी

# ‘बूढ़े शेर’ को नहीं किया जा सकता नजरअंदाज, कापड़ीवास के घर पहुंचे गोयल

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास भले ही उम्र को देखते हुए सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने लगे हों, परंतु हकीकत यह है कि पार्टी के सीनियर नेताओं की नजर में उनका सम्मान आज भी बरकरार है। अक्सर पार्टी के दिग्गज नेता क्षेत्र में आगमन पर कापड़ीवास के निवास पर जाना नहीं भूलते। सोमवार को शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उनके निवास पर पहुंचे। कापड़ीवास के गले मिलकर जलपान पर रेवाड़ी की राजनीति पर चर्चा भी की। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव को पहली बार मात देने वाले रणधीर सिंह कापड़ीवास पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में दशकों से कार्य करते रहे हैं। जिस समय पार्टी के सत्ता में आने के आसार दूर तक नजर नहीं आते थे, उस समय भी वह मजबूती के साथ पार्टी के लिए कार्य करते रहे। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में उनकी टिकट कटाई, तो कापड़ीवास का राव के साथ छत्तीस का आंकड़ा बन गया था। राव समर्थित सुनील मुसेपुर को हराने के लिए मोर्चा खोलकर चुनाव मैदान में ताल ठोक थी, जिस कारण सुनील को मामूली मतों से हार का सामना करना पड़ा था। कापड़ीवास अच्छे खासे वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। पार्टी ने उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था। गत विधानसभा चुनावों से पहले जब नायब सिंह सैनी को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, तो वह कापड़ीवास से मिलने के लिए उनके घर पहुंच गए थे। चुनावों से पहले उनका निष्कासन रद्द करते हुए फिर से भाजपा में शामिल कराने की औपचारिकता पूरी की थी। कापड़ीवास बीते विधानसभा चुनावों में भी टिकट के प्रबल दावेदार थे, परंतु राव के साथ छत्तीस का आंकड़ा उन्हें राजनीतिक जीवन की संभवतया अंतिम पारी खेलने की राह का रोड़ा बन गया।



रेवाड़ी। पूर्व विधायक से गले मिलते कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल। फोटो :हरिभूमि

#### पार्टी के प्रति समर्पण में नहीं आई कमी

कापड़ीवास का भले ही राव इंद्रजीत सिंह के साथ छत्तीस का आंकड़ा रहा हो, परंतु पार्टी के प्रति उनके समर्पण में कोई कमी नहीं आई। गत विधानसभा चुनावों में भी अगर कापड़ीवास बगावत का रास्ता अपनाते, लक्ष्मण सिंह यादव का चुनाव परिणाम कुछ और ही हो सकता था। मतदान से ठीक पहले कापड़ीवास और उनके भतीजे मुकेश कापड़ीवास ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में उतरने का निर्णय लिया था। यही कारण था कि नए हलके में लक्ष्मण आसानी से सीट निकालने में कामयाब हो गए थे। अगर कापड़ीवास बगावत का रास्ता अपनाते तो भाजपा को एक बार फिर इस सीट पर हार का सामना करना पड़ सकता था।

#### राव विरोधी खेमे से मिला ज्यादा सम्मान

अहीरवाल के इस ‘बूढ़े शेर’ को भाजपा में राव इंद्रजीत सिंह विरोधी खेमे से जुड़े नेताओं से पूरा सम्मान मिलता रहा है। केंद्र में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद भूपेंद्र यादव जहां उनके निवास पर मिलने पहुंच गए थे, तो सुधा यादव व दूसरे नेता भी मौका मिलते ही वरिष्ठ नेता से मिलने पहुंच जाते हैं। विपुल गोयल का उनके निवास पर जाना भी नई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे रहा है। रणधीर सिंह कापड़ीवास के सक्रिय राजनीति से अलग होने के बाद उनका स्थान भतीजे मुकेश कापड़ीवास ने ले लिया है। मुकेश को पार्टी या संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, ताकि राव विरोधी खेमे को भी पार्टी में पूरा महत्व दिया जा सके।